सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 26 | जौनपुर, गुरूवार, 12 सितम्बर 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### विनेश फोगाट ने जुलाना सीट से नामांकन दाखिल किया

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने बुधवार को जींद जिले की जुलाना सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। कुश्ती से राजनीति में आईं विनेश हाल में कांग्रेस में शामिल हुई हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना सीट से नामांकन के दौरान रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी भी विनेश के साथ थे। अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन बृहस्पतिवार है। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि विनेश फोगाट पार्टी के लिए "बड़ी जीत" हासिल करेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस को हरियाणा विधान सभा में पूर्ण बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा, "लोगों ने मन बना लिया है कि हुड्डा साहब के नेतृत्व में कांग्रेस को सत्ता में लाना है और भाजपा को बाहर करना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जाट बहुल जुलाना विधानसभा क्षेत्र में विनेश फोगाट के खिलाफ पूर्व पायलट योगेश बैरागी को मैदान में उतारा है। विनेश चरखी दादरी जिले के बलाली से हैं, लेकिन उनका ससुराल जुलाना में है।

## राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगी अपर्णा यादव

लखनऊ, संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता अपर्णा यादव उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगी। अपर्णा यादव समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं। अपर्णा यादव को पिछले सप्ताह राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्होंने अब तक कार्यभार नहीं संभाला है। ऐसी अटकलें थीं कि वह उपाध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति से नाराज थीं। यह भी अटकलें थीं कि वह सपा में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, अपर्णा के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह बुधवार सुबह औपचारिक रूप से आयोग के उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगी।

अपर्णा ने सोमवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी जिसके बाद उनके समाजवादी पार्टी में शामिल होने की अफवाहों पर विराम लग गया। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले सप्ताह बबीता चौहान को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था और अपर्णा यादव और चारू चौधरी को एक वर्ष की अवधि ा या राज्य सरकार के अगले निर्णय तक उपाध्यक्ष बनाया गया था। अपर्णा यादव सपा संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं।

वह अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की पत्नी हैं। अपर्णा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर लखनऊ कैंट सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। तब वह भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से हार गई थीं। वह जनवरी 2022 में भाजपा में शामिल हो गई थीं।

## देश की एकता को खत्म कर रहे राहुल गांधी - सीएम



लखनऊ, संवाददाता। संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा के दौरान अपनी विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भारत विरोधी अलगाववादी समूहों के नेता बनने की ओर बढ़ रहे हैं। योगी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि इनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखण्डता और सामाजिक समरसता को छिन्न–भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि किंतु, राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि इस देश में जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, उनकी यह विभाजनकारी मंशा सफल नहीं होने पाएगी। हम भारत के लोग कांग्रेस सहित सभी राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध एकजुट हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एनडीए सरकार शोषित, पीड़ित और वंचित के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निंदनीय है। उन्हें इसके लिए देश वासियों से माफी मांगनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के सिख प्रकोष्ठ के सदस्यों ने सिख समुदाय के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के खिलाफ बुधवार को 10 जनपथ के निकट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए और तख्तियां लेकर विज्ञान भवन से मार्च करते हुए गांधी के आवास 10 जनपथ की ओर जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

## जम्मू-कश्मीर में खड़गे ने कांग्रेस के पांच गारंटी का किया ऐलान



जम्मू–कश्मीर, एजेसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जम्मू– कश्मीर में कांग्रेस –नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) गठबंधन के सत्ता में आने पर पांच प्रमुख गारंटी की घोषणा की। प्रमुख वादों में से एक स्वास्थ्य बीमा योजना है जो जम्मू–कश्मीर में प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। अनंतनाग में एक चुनावी रैली में बोलते हुए, खड़गे ने कश्मीरी पंडित प्रवासियों के पुनर्वास के वादे को पूरा करने की कसम खाते हुए कांग्रेस की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी दोहराया। विस्थापित समुदायों की चिंताओं को दूर करने के गठबंधन के इरादे की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि हम मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान किए गए कश्मीरी पंडित प्रवासियों के पुनर्वास के वादे को पूरा करेंगे। खड़गे ने जम्मू–कश्मीर में परिवारों की महिला मुखियाओं को रू3,000 का मासिक लाभ देने का वादा किया, साथ ही महिलाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण भी दिया। खड़गे ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और के सी वेणुगोपाल और सुबोधकांत सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में वादे पढ़े। खड़गे ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में 1 लाख सरकारी नौकरियां खाली हैं। जैसे ही हमारी सरकार आएगी, वैसे ही इन पदों को भरा जाएगा। यहां हजारों सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं, उन्हें शुरू किया जाएगा। हमारी सरकार आते ही पर्यटन, मैन्युफैक्चरिंग, जॉब, स्कूल पर फोकस करेंगे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जम्मू–कश्मीर में जो एलजी की सरकार चल रही है, उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। ये लोग धमकाने की कोशिश करते हैं, लेकिन जम्मू–कश्मीर के लोग डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक जी ने कहा कि ष्मैंने जिन लोगों पर सैकड़ों करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, उनकी जांच करने के बजाए सरकारी एजेंसियां तानाशाही आदेश के तहत मेरे घर पर छापेमारी कर रही हैं।ष ये बात सत्यपाल मालिक जी ने कही, जिन्हें ठश्रच ने ही गवर्नर बनाया था। यानी एक तो चोरी दूसरा सीनाजोरी. . कहा कि जम्मू–कश्मीर में पहले 11 किलो चावल मिलता था, आज केवल 5 किलो मिल रहा है। इससे पता चलता है कि गरीबों का हमदर्द कौन है। कांग्रेस की सरकार फूड सिक्योरिटी बिल लेकर आई।

## शिवराज ने दिया तोहफा, सोयाबीन एमएसपी बढ़ाने की मांग वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी

नई दिल्ली, एजेसी। केंद्र ने बुधवार को सोयाबीन पर एमएसपी बढ़ाकर 4,892 रुपये प्रति क्विंटल करने के मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में कैबिनेट की मंजूरी के 24 घंटे के भीतर प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मोहन यादव कैबिनेट ने मंगलवार को नई एमएसपी पर फैसला कर केंद्र सरकार को भेज दिया। चौहान ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि कृषि और किसान कल्याण पीएम मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की सेवा करना हमारे लिए भगवान की पूजा करने जैसा है। चौहान ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एमपी के किसान चिंतित थे कि सोयाबीन एमएसपी से नीचे बिक रहा है। इससे पहले, हमने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दी थी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कल रात मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सोयाबीन को एमएसपी पर खरीदने का प्रस्ताव आया था। हमने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश के किसान चिंता न करें, सोयाबीन एमएसपी दरों पर खरीदा जाएगा। की पूरी कीमत किसानों की मेहनत का फल भी मिलेगा, ये खरीदी भी मध्य प्रदेश में होगी। गौरतलब है कि एमपी में किसान सोयाबीन की कीमत 6,000 रुपये तक बढ़ाने और एमएसपी पर खरीदने की मांग को लेकर जगह–जगह प्रदर्शन कर रहे हैं. कांग्रेस भी इस मुद्दे को उठाने के लिए सड़कों पर उतरने की बात कर रही है। विपक्षी दल ने 20 सितंबर को सभी जिलों में किसान न्याय यात्रा और ट्रैक्टर रैली आयोजित करने की घोषणा की है। हालांकि, मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि सीएम यादव ने कैबिनेट में अच्छा फैसला लिया है।



## सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन को राजनाथ ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि



पिछले 10 वर्षों में हमने सीमा सड़क संगठन के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्रों में साढ़े आठ हजार किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाई हैं। इसके अलावा अगर मैं पुलों की बात करूं तो इन वर्षों में हमने लगभग चार सौ स्थायी पुलों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि अटल टनल हो या सेला टनल, या शिकू–ला टनल जो दुनिया की सबसे ऊंची टनल बनने जा रही है, ये सभी सीमा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा क्षेत्र के विकास के लिए, हमारी सरकार ने 220 किलो–वोल्ट श्रीनगर–लेह बिजली लाइन का संचालन किया है, जिसके कारण लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का एक नेटवर्क बनाकर, हम हमने न केवल इन संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित सैन्य तैनाती सुनिश्चित की है, बल्कि हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन सड़कों के माध्यम से, सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग देश की बाकी आबादी से आसानी से जुड़ सकें। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2020 से 2023 तक लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन 30% बढ़ गया है।

## कांग्रेस नेता ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा किया आहत - अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस सांसद ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाया है और भारत की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। शाह ने एक्स पर लिखा कि देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे जम्मू–कश्मीर में श्रज्ञछ८ के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गाँधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गाँधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। शाह ने कहा कि मैं राहुल गाँधी को बताना चाहता हूँ कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्राओं में बार–बार भारत को बदनाम किया है। ऐसा लगता है जैसे वह भारतीयों और अपनी मातृभूमि की आलोचना करने के लिए विदेश जाते हैं। मैं इस तरह के बयानों और अपनी विदेश यात्राओं के दौरान जिन लोगों से मिल रहा हूं, उनकी निंदा करता हूं। उसकी मुलाकात मिस उमर से होती है जो एक प्रसिद्ध भारत विरोधी प्रचारक और पाकिस्तान समर्थक है। उन्होंने कहा कि वह कश्मीर को भारत का हिस्सा होने की आलोचना करने के लिए जानी जाती हैं। ऐसी भारत विरोधी ताकतें। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के दोस्त बन गए हैं। वह व्हाइट हाउस समेत विभिन्न मंचों पर भारत के खिलाफ सवाल उठाने वाले लोगों से बातचीत करते हैं। वह भारत के खिलाफ फेक न्यूज और प्रोपेगेंडा मशीन बन गए हैं। गोयल ने कहा कि हम राहुल गांधी को अंतरराष्ट्रीय धरती पर अप्रिय बयान देते हुए पाते हैं और पूरी कांग्रेस पार्टी उनकी सोच के साथ जुड़ी हुई है। वह बयान देते हैं कि भारत एक निश्चित वर्ग के लोगों के लिए सुरक्षित नहीं है, लोगों को अपनी आस्था का पालन करने का अधिकार नहीं है और भारतीय जातिवादी हैं।

## हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे – तेजस्वी यादव

बिहार, एजेंसी। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को समस्तीपुर में कहा कि डबल इंजन सरकार होने एवं एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं लोग इसकी शिकायत कर रहे हैं। हमारी सरकार बनी तो हम 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता महंगे बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है। हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। हमारी चिंता बिहार की है, बिहार की तरक्की की है। विरोधी क्या बोलते हैं उससे हमें कोई लेना देना नहीं है। नीति



आयोग की रिपोर्ट देखें तो साफ है कि बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी है। प्रति व्यक्ति आय कम है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ फैलाने का काम करती है। राहुल गांधी कई बार आरक्षण के पक्ष में और जाति आधारित जनगणना कराने को लेकर बयान दे चुके हैं। जो आज उनको लेकर बयान दे रहे हैं, वे लोग संविधान विरोधी हैं और आरक्षण में क्रीमी लेयर की बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने अपनी इस यात्रा की शुरूआत मंगलवार को समस्तीपुर से की है। इस कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम में वे सीधे कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे हैं और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन कर रहे हैं। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का पहला चरण 10 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान यादव समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में पार्टी के नेताओं और कार्य कर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

## आंगनबाड़ी की महिलाओं को बाल मनोविज्ञान का अध्ययन कराएं – राज्यपाल

प्रयागराज, संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाओं को बाल मनोविज्ञान का अध्ययन कराया जाए। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "छोटे–छोटे बच्चों की भावनाएं क्या हैं, उनकी जरूरतें क्या हैं यह समझने के लिए और बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास की समझ के लिए बाल मनोविज्ञान का पाठ्यक्रम लाना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा, "इस देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महिलाओं का शिक्षित होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब महिलाएं शिक्षित होंगी।" आनंदीबेन ने कहा कि कारागारों को भी अध्ययन केंद्र बनाया जाना चाहिए और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाना चाहिए। राज्यपाल ने इस विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करने का भी निर्देश दिया और कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालय अपने 12 क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित करे। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि और दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा, "हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय सांस्कृतिक मूल्य और भारतीय जीवन दृष्टि के अनुरूप होनी चाहिए।

## 2025 तक स्थापित होगा भारत का अपना 4जी ढांचा - सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत का अपना 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा (स्टैक) 2025 के मध्य तक स्थापित कर दिया जाएगा। सिंधिया ने दिल्ली में एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन के 51वें संस्करण में देश और सरकार के लिए तीन प्रमुख लक्ष्यों को भी रेखांकित किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, "भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष के मध्य तक स्थापित किया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति



को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि भारत ने देशभर में करीब साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। सरकार ने करीब 20,000 और टावर लगाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।वित्त वर्ष 2024–25 के मध्य तक हम अपने देश में 100 प्रतिशत परिपूर्णता का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे।

# संपादकीय

## बहस पर नीतियों के कारण अस्पष्टता

इन दिनों अमेरिका की उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला देवी हैरिस जब रैलियों में पहुंचती हैं, तो मशहूर अमेरिकी गायिका बियोंसे के गीत फ्रीडम की धुन के साथ चिर–परिचित नारा गूंजता है–जब हम लड़ते हैं, तो जीतते हैं। छह हफ्ते से कुछ पहले राजनीतिक पंडितों ने ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने की भविष्यवाणी की थी। ट्रंप ने भी इसे पूर्वनिर्धारित निष्कर्ष मान लिया था, लेकिन तबसे जो भी गलत हो सकता था, हुआ। हैरिस के पूरे अभियान के पीछे रिपब्लिकन पार्टी के उदारवादी नेताओं (रॉकफेलर रिपब्लिकन), ट्रंप से असंतुष्ट लोगों और तटस्थ मतदाताओं को आकर्षित करने की सोची–समझी रणनीति दिखती है। उन्होंने अपने अभियान को पुनर्परिभाषित करते हुए डेमोक्रेटिक पार्टीध्की उम्मीदों को पुनर्जीवित किया है। अब उनकी जीत संभव दिख रही है। जनमत सर्वेक्षणों में उन्होंने ट्रंप पर तीन पॉइंट की बढ़त हासिल की हुई है और सात चुनावी प्रांतोंध्में से वह चार में आगे हैं। आज फिलाडेल्फिया में होने वाली राष्ट्रपति पद की बहस दोनों उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण क्षण है। कमला ने एक गैर–प्रदर्शनकारी उपराष्ट्रपति होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने बाइडन प्रशासन की विफलताओं से दूरी बनाते हुए सफलताओं का बखूबी श्रेय लिया। अब कमला को सामने आकर ऐसी योजना पेश करनी चाहिए, जो अमेरिका को स्वीकार्य हो। दूसरी तरफ, ट्रंप ने खुद के साथ बहस में अपने शुरुआती लाभ को गंवा दिया। अब उन्हें फिर से शुरुआत करनी होगी और अपने करिश्मे को फिर से खोजना होगा। राजनीतिक दार्शनिक अक्सर लैटिन शब्दावली टेबुला रासा का इस्तेमाल करते हैं, जिसका अर्थ होता है कोरी स्लेट। इस शब्दावली को लोकप्रिय बनाने वाले दार्शनिक जॉन लॉक का तर्क था कि जन्म के समय मनुष्य का दिमाग कोरी स्लेट की तरह होता है, जिस पर अपने अनुभवों से वह ज्ञान को भरता है। दरअसल, 2024 का अमेरिकी राष्ट्रपति अभियान भी कोरी स्लेट की तरह है, जिस पर उम्मीदवारों को विभिन्न मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट करना है। ट्रंप और कमला हैरिस ने अपने नीतिगत विकल्पों के इर्द–गिर्द कई अस्पष्टताएं पैदा की हैं। अमेरिकियों और दुनिया के लिए, जो इस कोरी स्लेट पर नीतियों के भरने की प्रतीक्षा में हैं, यह दरअसल ज्ञात–अज्ञात का कोहरा है। अमेरिका के लोग अर्थव्यवस्था की स्थिति यानी जीवनयापन की लागत, रोजगार और ऋणग्रस्तता के साथ प्रवासन और गर्भपात के अधिकार को लेकर उत्तेजित एवं चिंतित हैं। कमला और ट्रंप ने लोगों की भावनाओं को शांत करने के लिए वादों और रियायतों की झड़ी लगा दी है। ट्रंप ने टिप्स और सामाजिक सुरक्षा को करों से मुक्त करने, बाल कर क्रेडिट का विस्तार करने और निजी विश्वविद्यालयों पर कर लगाने का वादा किया है। कमला ने टिप्स को करों से मुक्त करने, बाल और अर्जित आय कर क्रेडिट का विस्तार करने, पहले घर की खरीद पर धन देने और आवास के लिए अन्य प्रोत्साहन देने का वादा किया है।

उम्मीदवारों ने इसका विवरण नहीं दिया कि इन मुफ्त उपहारों के लिए धन का बंदोबस्त कैसे होगा। यह अमेरिकियों और दुनिया के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां वित्तीय बाजारों से होकर गुजरती हैं। अमेरिका का सकल ऋण 350 खरब डॉलर है और हर 100 दिनों में इसमें दस खरब डॉलर और जुड़ जाते हैंय उच्च ब्याज दरें ऋण सेवा लागत को और बढ़ा देती हैं। न्यूयॉर्क के इकनॉमिक क्लब में ट्रंप ने कहा कि वह आयात शुल्क बढ़ाएंगे (चीनी वस्तुओं पर 60 फीसदी) और मुद्रास्फीति को कम करेंगे, जबकि अध्ययनों से पता चलता है कि आयात शुल्क मुद्रास्फीति को बढ़ाते हैं। ट्रंप ने बिना विस्तृत विवरण दिए घोषणा की कि खर्च में कटौती करके घाटे को कम किया जा सकता है और खर्च में सुधार के लिए उद्यमी एलन मस्क की अध्यक्षता में आयोग गठित करने का वादा किया। दूसरी तरफ, कमला ने निगमों और कुल आय पर 25 प्रतिशत न्यूनतम कर के प्रस्ताव से बाजारों और निगमों को हिलाकर रख दिया है और 10 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के शेयरों और परिसंपत्तियों के स्वामित्व पर अवास्तविक लाभ (यानी कागज पर होने वाले लाभ, लेकिन वास्तव में नहीं) पर कर लगाने के विचार की घोषणा की है।

इन उपायों की पहले ही काफी आलोचना हो चुकी है और इनका विरोध होना तय है। सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति वाले देश में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे दुनिया के लिए निर्णायक होंगे। कहा जाता है कि अमेरिका का न कोई स्थायी दोस्त है और न स्थायी दुश्मन और जैसा कि विख्यात पूर्व अमेरिकी राजनयिक हेनरी किसिंजर ने कहा था, इसके सिर्फ स्थायी हित हैं। लेकिन हितों की परिभाषा भी उतनी ही अस्थायी है। वर्ष 2016 में ओबामा ने ईरान के साथ एक परमाणु समझौता किया था, जिसे 2018 में ट्रंप ने खत्म कर दिया। ट्रंप ने नाटो से बाहर निकलने की धमकी देकर यूरोप को डरा दिया, जबकि बाइडन ने अमेरिका की वापसी की घोषणा की और नाटो को मजबूत किया। ग्लोबल वार्मिंग एक वास्तविकता है। लेकिन 2019 में ट्रंप ने पेरिस समझौते से खुद को अलग कर लिया और 2021 में बाइडन शासन फिर से इसमें शामिल हो गया। इन नीतिगत बदलावों का असर संबंधों पर पड़ा है। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के पास युद्धों को खत्म करने की कोई योजना है?

जेलेंस्की शासन द्वारा संचालित और नाटो द्वारा वित्तपोषित यूक्रेन–रूस युद्ध, जो अंतहीन प्रतीत होता है।

# बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए

आदित्य

विधायी बहुमत के समर्थन से, निर्वाचित सरकारों में निहित बल प्रयोग की कार्यकारी शक्ति किस तरह संतुलन को बिगाड़ रही है, इसमें एक उल्लेखनीय अंतर है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए, यह धारणा बढ़ रही है कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की आवृत्ति बढ़ गई है। सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वाले या नगर पालिकाओं और नगर निगमों के नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्मित ढांचों को बुलडोजर से गिराने के नियमों का पालन करने के बारे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा फटकार लगाए जाने पर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया अपराध का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा, बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। दूसरे शब्दों में, कानून महत्वपूर्ण नहीं है, हिंसा का उपयोग करने की शक्ति ही मायने रखती है। राजनीतिक रूप से चुनौती दिए जाने से खुश नहीं, श्री आदित्यनाथ ने कहारू ष्जो लोग दंगाइयों और माफिया के सामने झुकते हैं – वे बुलडोजर का उपयोग कैसे करेंगे?ष ऐसा करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव पर अपराधियों और उपद्रवियों को शरण देने का आरोप लगाने के अपने चिरपरिचित हमले पर लौटकर अपने कार्यों का बचाव करने का प्रयास किया। श्री आदित्यनाथ के लिए, उनकी सरकार के कुकृत्यों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिम्मेदार ठहराया जाना अप्रासंगिक थाय वह इस बात से बेपरवाह थे कि जिन याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम और हरियाणा सरकारों द्वारा कानून का शासन बनाए रखा जाना चाहिए, वे जरूरी नहीं कि दंगाई या माफिया हों। इस मुद्दे को राजनीतिक टकराव में बदलकर, भाजपा नेता ने उन



उल्लंघनों को उचित ठहराया, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने परेशान करने वाला पाया था। अधिकार की यह छाती ठोकने वाली जहरीली अभिव्यक्ति सरकार द्वारा डराने का एक रूप है, बहुत कुछ कंगारू अदालतों द्वारा दी जाने वाली सजाओं की तरह। यह न केवल नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि यह कानून का उल्लंघन भी है। बुलडोजर सरकार सत्ता पर उस नियंत्रण को नष्ट कर देती है जिसका प्रयोग निर्वाचित कार्यपालिका को अपना काम ईमानदारी से करने के लिए करना चाहिए। ऐसा लगता है कि बेईमानी या अपराध हावी हो रहे हैं, क्योंकि विभिन्न सरकारों के अधिक से अधिक कृत्य न्यायपालिका को ऐसे शब्दों में जवाब देने के लिए उकसा रहे हैं जो एक ऐसे लोकतंत्र में चौंकाने वाले हैं जो सात दशकों से अधिक समय से लोकतंत्र बने रहने पर गर्व करता है। सुप्रीम कोर्ट ने राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक की नियुक्ति को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आड़े हाथों लियाय इसने कथित तौर पर टिप्पणी की मुख्यमंत्री इस तरह का निर्णय नहीं ले सकते... हम सामंती युग में नहीं हैं जब राजा जैसा बोले वैसा करेंष। हर बार जब सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की किसी ष्एजेंसीष को याद दिलाता है कि जेल नहीं, बल्कि जमानत ही कानून का शासन है, तो यह एक चेतावनी है कि ताकत ही सही है, यह सामान्य हो रहा है, और लंबी कैद केवल इसलिए संभव है क्योंकि सत्तारूढ़ शासन को लगता है कि एक व्यक्ति को कैद में रहना चाहिए। समस्या यह है कि न्यायिक फैसलों को लागू किया जाना चाहिए। जब कोई सरकार बुलडोजर के इस्तेमाल को उचित ठहराती है या इस बात पर जोर देती है कि सुप्रीम कोर्ट चाहे जो भी कहे, बेल नहीं बल्कि जेल ही आदर्श होना चाहिए, तो निश्चित रूप से लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा को ऐसे नेताओं को चुनने के लिए कटघरे में खड़ा किया जा सकता है, जिनका कानून के शासन और शासन के संवैधानिक ढांचे में बहुत कम विश्वास है, जहां कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के कार्य यथोचित रूप से अलग–अलग हैं। यदि श्री आदित्यनाथ को बुलडोजर न्याय का आविष्कारक माना जाता है, तो श्री धामी एक नई सामंती व्यवस्था का उदाहरण हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोल मॉडल हैं, क्योंकि उन्होंने एक ऐसे नेता की पंथ को गढ़ा है, जिसमें चीजों को करने का ष्साहसष था, जैसे कि नोटबंदी की अचानक घोषणा और कोविड–19 महामारी के दौरान अचानक बंद का झटका। 2014 के बाद से, यह विचार सामान्य हो गया है कि विधायिका में बहुमत सीटें विपक्ष और आलोचकों को अलग करने का लाइसेंस है। जिस सहजता से जनता यह मान रही है कि सत्ता निर्वाचित कार्यपालिका के हाथों में केंद्रित है और इसका इस्तेमाल न्यायपालिका को छोड़कर स्वतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं द्वारा निर्णय लेने में हेरफेर करने के लिए किया जा रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि "सरकार" का मतलब अनियंत्रित शक्ति है। अपराधी नेताओं को बाहर निकालने और आम आदमी के लिए चीजों को खराब करने के लिए भाजपा पर सारा दोष मढ़ना गलत है। सभी संस्थाओं में जनता का विश्वास कम होता जा रहा है, चाहे वह सत्ता में बैठी सरकार हो जिसे हेरफेर करने वाला माना जाता है, विधायिका जिसे सत्तारूढ़ बहुमत वाली पार्टी रबर स्टैंप के रूप में देखती है और यहां तक ध्कि न्यायपालिका जिस पर सत्ता में बैठे लोगों के पक्षपाती होने का संदेह है, लोकतंत्र के लिए बुरा है। कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या पर जनता का आक्रोश इसका एक उदाहरण है। पिछले एक महीने से सड़कों पर प्रदर्शन कर रही जनता का मानना ध्है कि निश्चित रूप से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल या संस्था पर तथ्यों को उजागर करने, दोषियों की पहचान करने और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता है। यह सब धारणाओं पर निर्भर करता है। आर्यन मिश्रा नामक एक वर्ग के युवक की लिंचिंग हरियाणा में 12वीं के छात्र की हत्या सिर्फ एक और त्रासदी है, जिस पर कोई आक्रोश नहीं दिखा। कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की विफलता के खिलाफ सामूहिक विरोध के लिए गौरक्षकों द्वारा की गई हत्या दूसरे दर्जे की प्राथमिकता बन गई है। जब धारणाएँ अपराध की भयावहता को परिभाषित करती हैं, तो अलग–अलग अपराधों के अस्थायी रूप से नागरिकों के ध्यान का केंद्र बन जाने और अन्य अपराधों को कमतर अपराध के रूप में कमतर आंके जाने का खतरा होता है। यह व्यापक धारणा कि सभी राजनीतिक दल समान रूप से बुरे हैं, एक बार सत्ता में आने के बाद, चुनाव के समय मतदाताओं द्वारा चुनाव करने के तरीके को विकृत कर देती है। जब नियम–आधारित शासन को अपवाद के रूप में माना जाता है, तो सरकारें केवल दिखावा बन जाती हैं और सत्ता एक समानांतर ष्व्यवस्थाष के हाथों में होती है, जहाँ सौदे किए जाते हैं और अवैधताओं को प्रबंधित किया जाता है। पीड़ित नागरिक के लिए एकमात्र उपाय अदालत जाना है। चूँकि यह धारणा बढ़ गई है कि निचली अदालतें कानून के निष्पक्ष आवेदन के माध्यम से न्याय नहीं करती हैं, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय अंतिम और हताशापूर्ण सहारा बन गया है। इस हताशा में एक खतरा है। यह राज्य के भीतर चीजों के क्रम को बनाए रखने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच संतुलन को बिगाड़ता है। लोकतंत्र के लिए एक लोकप्रिय न्यायपालिका उतनी ही खतरनाक है जितनी एक अति–लोकलुभावन सरकार। माफिया राज और चुने हुए राजाओं और मुख्यमंत्रियों के बीच अंतर है जो मानते हैं कि बुलडोजर चलाने के लिए साहस की जरूरत होती है और उचित रूप से समझदार चुनी हुई सरकार जो सद्भावना से काम करेगी। राजनीतिक दल एक लेविथान राज्य चलाने का सपना देख सकते हैं। लेकिन इससे मतदाता को अलग तरह से सोचने और काम करने से नहीं रोकना चाहिए।

# विरासत मे मिली कृषि भूमि अब क्यों सिकुड़ने लगी है ?



(प्रोफेसर जी० सी० पाण्डेय, सरस्वती सम्मान प्राप्त, पर्यावरण विद)

अयोध्या (फैजाबाद) बचपन मेरा गांव में बीता था तभी मैं महसूस कर रहा हूं कि अब गांव बदल गया है। वस्तुतः देखकर दर्द की अनुभूति एवं संवेदना होती है कि हम कहां थे और कहां आ गये हैं। अपनी बात अपनी लेखनी के माध्यम से वास्तविक वस्तुस्थिति के बारे में कहना चाहता हूं।

प्राचीन कालों में गांव अपने उत्पादों पर आत्म निर्भर था इसलिये ग्राम वासी शहर की तरफ नहीं आते थे क्योंकि जरूरत की सभी चीजें वहीं पर मिल जाया करती थीं। मजदूर वर्ग को वहीं काम मिल जाता था। पूर्व कालों में कृषि कार्य मशीनों द्वारा न करके पशुओं के साहचर्य के माध्यम से अनोखी विशिष्टता प्रदान करता था। अब क्या है, सड़कों एवं मशीनों की उपलब्धता से गावों से सांसों की आवाजाही छीन ली गयी है। आज मध्यम एवं छोटे काश्तकारों के सम्मुख अपने जीवन–यापन के लिए संकट विद्यमान है।

कृषि भूमि के घटते क्षेत्रफल को बचाने और उसे संरक्षित रखने की चिन्ता इन दिनों किसी को नहीं है। आज हमारे पास कुल 343 **mha** जमीन है परन्तु उसमें से आधे से ज्यादा 175 **mha** वेस्ट लैण्ड है। वन क्षेत्र 26.62% है जब कि 33.3% होना चाहिए। एक समय था जब ग्रामवासी खेत/पृथ्वी को अपनी मां केसमान जानते थे। अब स्थिति यह है कि धरती मां बूढ़ी हो चुकी है उसे बचाने की कोई मुहिम भी नहीं है। आज नई पीढ़ी को अपनी मिटटी से लगाव नहीं है। इसे धन पाने के लिए बेचने में तनिक भी संकोच नहीं कर रही है। तालाब /नदियां/पोखरे अब लगातार सिकुड़ने रहे हैं जिसके जिम्मेदार हम स्वयं हैं। खेत बंट रहे हैं, परिवार बंट रहे हैं परन्तु देश की चिन्ता किसी को नहीं है।

कृषि योग्य भूमि का रकबा लगातार घटता जा रहा है जिसका मुख्य कारण सड़कध्राजमार्ग, बनती हुयी नई इमारतें, कालोनियां, स्कूल कालेजों, प्रतिष्ठानों का तेजी से निर्माण होने से फसलोंध्खेतों का ह्रास होना चिन्ता का विषय है।

वस्तुतः बढ़ती आबादी के लिए खाद्यान्न की उपलब्धता संकट भविष्य में विकराल रूप लेगा? खेती, गांव में रहने वालों के लिए जीविका एवं जीवन का साधन थी जिससे नगरों/महानगरों का भी भरण पोषण होता था। जब कृषि लाभके बजाय घाटे के धन्धे में बदलती जा रही है। फसलों के बीज, रासायनिक उर्वरकों, कृषि यन्त्रों की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण पैदावार में लागत मूल्यों को हासिल करना किसानों के लिए मुश्किल हो रहा है। रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से कृषि भूमि लगातार प्रदूषित हो रही है, जबकि कम्पोस्ट खाद का उपयोग करना जरूरी है। किसानों का घर परिवार, बच्चों की शिक्षा, शादी ब्याह, चिकित्सकीय आवश्यकताओं के साथ न्यूनतम अत्यावश्यक सुविधाओं को हासिल करना कठिनतर होता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में ही क्यों बीमारी, महामारी, बाढ़, सूखा, गरीबी पायी जाती है। यह विचारणीय प्रश्न है? उत्तम खेती की अवधारणा अब अर्थहीन हो गयी है क्योंकि किसान रोजगार के लिए गावों से पलायन के चलते तथा खेती में बंटवारे के होनें से मध्यम वर्ग के किसान अपनी कृषि भूमि बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इनके सम्मुख रोजी–रोटी की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस समस्या को सरकारों ने कभी महसूस नहीं किया कि तेजी से भूमिहीन होते जा रहे किसानों को गावों में कैसे रोका जाये। मनरेगा से कुछ काम तो हुआ है लेकिन योजना की अपनी एक सीमा है। प्राचीन कालों में चूंकि गांव आत्म निर्भर था इसलिए जरूरत की प्रत्येक वस्तु पैदा की जाती थी। गावों के लोग तब शहरों की तरफ नहीं जाया करते थे क्योंकि मजदूरों को गावों में ही काम मिल जाता था। अब क्या है, कृषि कार्य में अब मशीनों का प्रयोग बढ़ गया है जिससे किसानों को काम नहीं मिल पा रहा है। राजनीतिक दलों ने केवल वोट के लिए लुभावनी घोषणायें कर उनको फंसा रखा है। कृषि भूमि के घटते क्षेत्रफल को बचानें एवं संरक्षित करने के लिए किसी के पास कोई योजना नहीं है। बाई–पास बनने, नई कालोनियां बनने, राजमार्गों के किनारे ढाबों के निर्माण हेतु जमीन का उपहास किया जा रहा है। विकास तो होना चाहिए परन्तु उसमें विनाश नहीं होना चाहिए। एक अजीब सी बात है कि पेड़ काटकर कागज बनाया जाता है, उसे विकास कहते हैं, परन्तु उसी कागज पर यह लिखा जाये कि पेड़ काटना मना है–उसे पतन कहते हैं। यह दोनों विरोधा भासी वस्तु एक साथ नहीं चलनी चाहिए। कृषि योग्य भूमि का अतिक्रमण और लूट का सिलसिला इसी तरह चलता रहेगा तो यह संकट भविष्य के लिए एक गम्भीर खतरा है। इसके लिए सभी प्रबुद्ध वर्ग एक साथ मिलकर विचार–विमर्श करें तथा शासन–प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाये। आज देश की पर्यावरणीय समस्या बहुत हैं परन्तु उनमें सबसे बड़ी समस्या pollution, population एवं poverty है, इससे निजात पाते ही सभी समस्याओं का समाधान होगा यह सरकार एवं हमारी जिम्मेदारी है। यही आज का राष्ट्र धर्म है। हम आज संरक्षित एवं सुरक्षित रहेंगे तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्जवल एवं उत्तम भविष्य बनायेंगे। कृषि भूमि का संरक्षण एवं सम्वर्धन कर देश को बचायें।

# दुनिया में भारत की छवि को पुनः स्थापित

सतीश

इतिहास और सभ्यताओं ने समय–समय पर विभिन्न आंखें खोल देने वाले व्याख्यानों और भाषणों को देखा और सुना है, लेकिन कुछ का मानवता पर सबसे महत्वपूर्ण और समग्र प्रभाव पड़ा। उनमें से एक, जिसने शब्दों की शक्ति से दुनिया को हिला दिया, वह स्वामी विवेकानंद का था, जिन्हें 1893 में उनके प्रतिष्ठित शशिकागो भाषणश के लिए याद किया जाता है। यह भाषण धर्म, देश, विचारधारा और राजनीति की सीमाओं से परे था, क्योंकि यह सभी के लिए सार्वभौमिक था। हालांकि, यह केवल स्वामी विवेकानंद के जादुई शब्द नहीं थेय यह चरित्र, निस्वार्थ परिव्राजक जीवन और तपस्या के वर्ष थे जिन्होंने भारत के प्रति विश्व के दृष्टिकोण को परिवर्तित कर दिया। 1893 में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के सार में जाने से पहले, उस युग के ऐतिहासिक संदर्भ को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 19वीं शताब्दी की बात है जब अंग्रेजों ने भारत को उपनिवेश बनाया हुआ था। वह समय जब पहली बार 1857 के विद्रोह में स्वतंत्रता की भावना दिखाई गई थी, विभिन्न सामाजिक–धार्मिक आंदोलन आकार ले रहे थे और ब्रिटिश सत्ता द्वारा पोषित मैकाले की शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति और परंपरा को नीचा दिखाने के संकेत दे रही थी। 1890 में, स्वामी विवेकानंद ने बिना किसी साथी, नाम या समूह के, लेकिन लगातार ईश्वर के स्मरण के साथ अकेले भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा शुरू की। स्वामीजी ने पूरे भारत की यात्रा कीय उनमें से प्रमुख थे राजपूताना, बड़ौदा, पोरबंदर, बॉम्बे, पूना, बैंगलोर, कोचीन, त्रिवेंद्रम और रामेश्वरम। वाराणसी की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कहा, शमैं जा रहा हूं, लेकिन मैं तब तक वापस नहीं आऊंगा जब तक कि मैं समाज पर बम की तरह फट न सकूं।श इस अवधि में, स्वामीजी ने एक बार कहा था, शमेरे जीवन के अंतिम बारह वर्षों में, मुझे यह नहीं पता था कि अगला भोजन कहां से आएगा।श उन्होंने इस अवधि के दौरान शिकागो में विश्व धर्म संसद के बारे में भी जाना। भारत की लंबाई और चौड़ाई को कवर करने के बाद, स्वामी विवेकानंद अंततः दिसंबर 1892 में कन्याकुमारी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर 3 दिन और रात का ध्यान किया। इस समय, यह भारत का दुख था, जो उनकी आंखों के सामने था, जो हर दूसरे विचार को छोड़कर उनके दिमाग में भर गया था। उन्होंने पाया कि भारत के पतन और गिरावट का मुख्य कारण भारत के आम लोगों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की कमी है। उन्होंने अपने गुरु–भाई को लिखा, शभारतीय चट्टान के अंतिम टुकड़े पर बैठकर, मुझे एक योजना सूझी। इसके अलावा, स्वामी विवेकानंद लगभग 8000 मील और दो महीने की यात्रा तय करने के बाद, जुलाई 1893 में शिकागो पहुंचे, जब उन्हें यह जानकर झटका लगा कि विश्व धर्म संसद को सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। आश्रय के बारे में कोई सुराग नहीं, पर्स लगभग खाली, रंग भेदभाव और बिना किसी प्रमाण पत्र के, शून्य से नीचे के तापमान के बीच, उन्हें स्टेशन के खाली डिब्बे में सोना पड़ा। हालांकि, भाग्य ने स्वामी विवेकानंद की मदद की, और उन्हें संसद के लिए प्रमाण पत्र मिल गए। इसके अलावा, 11 सितंबर 1893 को, विश्व धर्मों के प्रसिद्ध प्रतिनिधियों के बीच स्वामी विवेकानंद भी थे, मोहित चेहरे के साथ, बिना किसी तैयार भाषण के। जैसे ही उन्होंने देवी सरस्वती को प्रणाम करके और मुश्किल से सीधे शुरुआती शब्द शअमेरिका की बहनों और भाइयोंश का उच्चारण किया, सैकड़ों लोग अपनी सीटों पर खड़े हो गए और दो मिनट तक तालियां बजाते रहे। यद्यपि स्वामी विवेकानंद के जोशीले शब्दों और ज्वालामय जीभ ने विश्व को हिलाकर रख दिया, लेकिन चरित्र, तपस्या और साधना के वर्षों ने उन्हें अपनी प्रिय मातृभूमि का संदेश देने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद ने कहा, मुझे ऐसे धर्म से संबंधित होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति सिखाई है। हम न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। संसद में सभी ने अपने धर्म का प्रचार किया, लेकिन स्वामी विवेकानंद ने सार्वभौमिक धर्म, शमानवताश की बात की। ईसाई धर्म को दुनिया में शएकमात्र सच्चा धर्मश घोषित करने और प्रचार करने के लिए आयोजित संसद, स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रस्तुत सनातन धर्म के शसमावेशीश दृष्टिकोण से मंत्रमुग्ध थी उन्होंने कहा, यदि धर्म संसद ने दुनिया को कुछ दिखाया है, तो वह यह है इसने दुनिया को साबित कर दिया है कि पवित्रता, शुद्धता और दान दुनिया के किसी भी चर्च की विशेष संपत्ति नहीं हैं, और हर प्रणाली ने सबसे उत्कृष्ट चरित्र वाले पुरुषों और महिलाओं को जन्म दिया है। सभी प्रतिनिधियों ने अपने धर्म के भाईचारे का दावा किया, लेकिन स्वामी विवेकानंद का मुख्य संदेश शविश्व बंधुत्वश था। स्वामी विवेकानंद ने कहा, शमुझे ऐसे देश से होने पर गर्व है जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताए गए और शरणार्थियों को शरण दी है। मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने अपने सीने में उन शुद्धतम इस्राइलियों को इकट्ठा किया है, जो दक्षिण भारत में आए और उसी वर्ष हमारे साथ शरण ली, जिस वर्ष उनके पवित्र मंदिर को रोमन अत्याचार द्वारा टुकड़े–टुकड़े कर दिया गया था। मुझे उस धर्म से होने पर गर्व है जिसने भव्य पारसी राष्ट्र के अवशेषों को शरण दी और अभी भी उनका पालन–पोषण कर रहा है।श यह आज भी काफी प्रासंगिक है, क्योंकि जब हमारे पड़ोसियों को जरूरत पड़ी, तो उन्होंने केवल भारत में शरण पाई, चाहे वह बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना हों, जिन्हें अपने ही देश से निकाल दिया गया था और उन्हें तुरंत भारत में ही शरण मिली या बहुत पहले 1959 में दलाई लामा थे, जिन्होंने अपने धर्म का पालन करने और उसे बढ़ावा देने के लिए केवल भारत को ही सबसे सुरक्षित स्थान पाया। यह केवल मानवता और अन्य धर्मों के प्रति भारत के समावेशी दृष्टिकोण के कारण ही संभव हो सका।

# जूनियर डाक्टर बना हैवान, मेडिकल कालेज में भर्ती 11 साल की बालिका से की अश्लील हरकत

आगरा, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित एसएन मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर पर बाल रोग विभाग में भर्ती 11 साल की बालिका से गलत हरकत करने का मामला सामने आया है। मामले में थाना एमएम गेट में तहरीर दी गई है। पीड़ित बच्ची के पिता का कहना है कि बेटी को बुखार आने पर ओपीडी में दिखाने के बाद चार दिन पहले इमरजेंसी में भर्ती कराया था। मेडिकल कॉलेज से उसे बाल रोग विभाग के आईसीयू में भर्ती कर दिया गया। सोमवार को बेटी जनरल वार्ड में भर्ती थी। मंगलवार रात को वार्ड में तैनात एक डॉक्टर ने चेकअप के बहाने गलत हरकत की। बेटी ने अपनी मां को इस बारे में बताया। उन्होंने चाइल्ड लाइन के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी थी। इस पर पुलिस पहुंच गई। मगर, एसएन मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले को दबाने का प्रयास किया। इसके बाद जानकारी पर विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी बुधवार को पीड़ित पिता और बच्ची को लेकर थाने पर आए। तब मामले में तहरीर दी गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर बच्ची का मेडिकल कराकर कार्रवाई की जा रही है। अब छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर को कॉलेज प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच के लिए दो उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है। प्राचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता का कहना है कि 11 साल की बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बाल रोग विभाग में तैनात रेजिडेंट ने उनकी बच्ची से छेड़छाड़ की है। इस पर मामले की जांच के लिए दो कमेटी का गठित कर दी है। आरोपी डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस पको भी इसकी जानकारी दे दी है।

# केबल बॉक्स में धमाका, ट्रांसफार्मर फुंका, 500 गांवों की बिजली गुल

बाराबंकी, संवाददाता। पड़रा ट्रांसमिशन पावर हाउस में केबल बॉक्स के फुंकने से जैदपुर कस्बा समेत करीब 200 गांवों की बिजली साढ़े छह घंटे गुल रही। पावर हाउस का 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर भी फुंक गया। वहीं, सूरतगंज में मुख्य लाइन का तार टूटने से 300 गांवों की बिजली गुल रही। इससे करीब पांच लाख की आबादी को परेशानी झेलनी पड़ी। जैदपुर क्षेत्र स्थित पडरा ट्रांसमिशन पावर हाउस में मंगलवार सुबह तीन बजे अचानक केबल बॉक्स में धमाका हो गया। जिससे कस्बा समेत 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह लोग पीने व नहाने के पानी के लिए परेशान रहे। करीब साढ़े नौ बजे बिजली आई। वहीं, आधे घंटे बाद ही पावर हाउस में रखा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे फिर कस्बा समेत 200 गांवों की बिजली गुल हो गई। कस्बा की बिजली लाइन दूसरे ट्रांसफार्मर से जोड़ दी गई, लेकिन 200 गांवों में आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। उपकेंद्र सूरतगंज क्षेत्र में तीन स्थान रीवासीवा गांव के पास, कोठी बदोपुर और निंदूरा में एक फैक्टरी के पास बिजली लाइन पर पेड़ गिर जाने से खंभे व तार क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे सूरतगंज, मोहम्मदपुर खाला, रानीगंज, हेतमापुर, जिगनी, रायपुर, चंदूरा समेत 300 गांव अंधेरे में डूबे रहे। सोमवार शाम तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं सकी। इससे लोग गर्मी से परेशान रहे। मोबाइल तक चार्ज नहीं कर पाए। अधिशासी अभियंता अनूप कुमार का कहना है कि बिजली लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है। 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया है, अयोध्या से दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाया गया है। जल्द ही बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# महिलाओं ने पुलिस को हंसिया लेकर दौड़ाया

बांदा, संवाददाता। रंजिश के चलते दबंगों ने एक परिवार को घर के बाहर कंटीली झाड़ लगाकर कैद कर दिया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत करतल चौकी में की। चौकी प्रभारी हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो दबंग परिवार की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को हंसिया लेकर दौड़ा लिया। बाद में किसी तरह चौकी प्रभारी ने स्थिति को संभाला और कैद परिवार को आजाद किया। इसके बाद रिपोर्ट एसडीएम को भेजी गई है। नरैनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पंचमपुर के मजरा अमहा पुरवा निवासी अनिल राजपूत ने करतल चौकी में शिकायत की थी कि गांव के दबंगों ने उसके घर के सामने कंटीली बाड़ी लगा दी है। इससे उनका आवागमन बाधित हो गया है, वह घर में कैद हैं। चौकी इंचार्ज करतल रोशन गुप्ता हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और कैद परिवार को आहर निकालने का प्रयास किया। इस पर दबंग परिवार की महिलाओं ने चौकी इंचार्ज समेत हमराहियों पर हमला कर दौड़ा लिया। चौकी प्रभारी ने किसी तरह महिलाओं को शांत कराया। इसके बाद घर में कैद परिवार को बाहर निकाला। चौकी प्रभारी रोशन गुप्ता ने बताया कि एक परिवार को मकान के अंदर कैद करने की सूचना आई थी। वह नक्शा नजरी बनाने के लिए वहां पहुंचे थे।

# राम की पैड़ी पर शराब पीने का वीडियो वायरल, नगर आयुक्त ने लिया सख्त एक्शन, दो सफाई कर्मी बर्खास्त

अयोध्या, संवाददाता। नगर निगम के दो आउटसोर्सिंग सफाई श्रमिकों की ओर से सरयू किनारे राम की पैड़ी पर बैठकर दिन में शराब पीने का एक वीडियो वायरल हो गया। सरयू तट और राम की पैड़ी अयोध्या के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल हैं। यहां पर इस तरह की करतूत का वीडियो वायरल होने पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने सख्त रुख अख्तियार किया उन्होंने दोनों सफाई श्रमिकों को कार्य मुक्त करने के साथ आउटसोर्सिंग कंपनी लायन सिक्योरिटी पर 50,000 का जुर्माना लगा दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, इसमें नगर निगम की वर्दी पहनकर दो लोग राम की पैड़ी




पर शराब पी रहे थे। इस वीडियो के वायरल होने के बाद नगर आयुक्त ने तत्काल अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह को इसकी जांच सौंपी। जांच में वायरल वीडियो के सही होने की पुष्टि हुई। पता चला कि दोनों सफाई श्रमिक नगर निगम को आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली संस्था लायन सिक्योरिटी के हैं। इन दोनों की पहचान अनिल यादव और शिवराज यादव के रूप में हुई। अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह ने बताया कि जांच के बाद दोनों सफाई श्रमिकों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। इनके स्थान पर नई नियुक्ति के निर्देश संबंधित संस्था को दिए गए हैं। साथ ही लायन सिक्योरिटी को चेतावनी देते हुए 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यदि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो संबंधित संस्था के अनुबंध को खत्म करने पर भी विचार किया जा सकता है। इसलिए इस संस्था को अपने स्तर से अनुशासन बनाए रखने की व्यवस्था को प्रभावी किए जाने की हिदायत दी गई है। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि रामनगरी की छवि के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इसके पीछे साजिश की भी आशंका से इनकार नहीं किया है।

# माफिया मुख्तार अंसारी की 12 करोड़ की संपत्तियां हुईं सरकारी

लखनऊ, संवाददाता। माफिया मुख्तार अंसारी (अब मृत) की गाजीपुर स्थित 12 करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियां अब सरकारी संपत्ति बन गई हैं। आयकर विभाग द्वारा बीते वर्ष मुख्तार की इन बेनामी संपत्तियों को जब्त करने के फैसले पर निर्णायक प्राधिकारी कार्यालय ने मुहर लगा दी है। साथ ही मुख्तार के बेटे अब्बास और उमर की याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई के तत्कालीन उपनिदेशक जांच ६ रुद्रपुरी सिंह के निर्देश पर बीते वर्ष अप्रैल में माफिया मुख्तार अंसारी की गाजीपुर स्थित 12.10 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों को जब्त किया था। गाजीपुर के कपूरपुर मौजा इलाके में स्थित संपत्ति को मुख्तार ने अपने करीबी रियल एस्टेट कारोबारी गणेश दत्त मिश्रा के नाम से खरीदा था। दरअसल, गाजीपुर पुलिस ने आयकर विभाग को भेजी रिपोर्ट में कहा था कि मुख्तार ने गणेश दत्त मिश्रा और उनके पिता शिवशंकर मिश्रा के नाम से कई बेनामी संपत्तियां खरीदी थीं। आयकर विभाग ने जब इसकी जांच की तो पाया कि गणेश दत्त मिश्रा ने 0.11748 हेक्टेयर और 0.254 हेक्टेयर भूमि सुषमा श्रीवास्तव और गीता राय से खरीदी थी। हालांकि, सेल डीड में बतौर भुगतान दर्शाने के जिन चेकों का जिक्र किया गया था, वह कभी भुनाए ही नहीं गए थे। जांच में सामने आया कि ये भूमि मुख्तार अंसारी की थी, जिसे उसने गणेश मिश्रा के नाम करवा दिया था। आयकर विभाग ने गणेश को पूछताछ के लिए तलब किया था।

# पांच हजार रूपये रिश्वत लेते पकड़ा गया कोतवाल का चालक

उन्नाव, संवाददाता। लकड़ी ठेकेदार से पेड़ों की कटान के एवज में पांच हजार की घूस मांगने वाले सफीपुर कोतवाली में तैनात सिपाही आरक्षी चालक को भ्रष्टाचार निवारण इकाई ने रंगेहाथों पकड़ लिया। माखी में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद टीम उसे साथ लखनऊ ले गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा निवासी सोनू रावत लकड़ी कटान का काम करता है। सोनू का आरोप था कि सफीपुर कोतवाली में तैनात आरक्षी चालक वीरेंद्र सिंह यादव ने लकड़ी कटान के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे थे। न देने पर फर्जी आरोप में जेल भेजने की धमकी दे रहा था। सोनू ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण इकाई से की थी। प्राथमिक जांच में मामला सही पाए जाने पर बुधवार को प्रभारी निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता टीम के साथ सफीपुर पहुंचे। इसी बीच सोनू ने आरक्षी से संपर्क किया तो उसने सफीपुर कोतवाली से 200 मीटर दूर हरदोई–उन्नाव मार्ग पर तिवारी मिष्ठान भंडार के पास उसे बुलाया। जैसे ही आरक्षी ने पांच हजार रुपये हाथ में लिए। वैसे ही भ्रष्टाचार निवारण इकाई के सदस्यों ने उसे दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आरक्षी चालक का रुपये लेते एक वीडियो भी पूर्व में वायरल हुआ था। जिसकी शिकायत भी की गई थी। टीम विवाद को देखते हुए आरक्षी को गिरफ्तार कर माखी थाने लाई। यहां पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। टीम में छह निरीक्षक, चार हेड कांस्टेबल व दो लोकसेवक शामिल रहे।

# कमिश्नरेट में तैनात अफसरों को तबादले, 17 अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल

लखनऊ, संवाददाता। यूपी में 17 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। कमिश्नरेट में तैनात अफसरों को इधर से उधर किया गया है। आईपीएस प्रताप गोपेंद्र यादव को पुलिस अधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। आईपीएस अवधेश सिंह को पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन में नियुक्ति दी गई है। आईपीएस आरती सिंह को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अंकिता शर्मा को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस चंद्रकांत मीना को पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है।

आईपीएस साद मिया खां को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस सूरज कुमार राय को पुलिस कमिश्नरेट आगरा में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। आईपीएस सैय्यद अली अब्बास को भी पुलिस कमिश्नरेट आगरा में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। आईपीएस मनीष कुमार शांडिल्य को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में सेनानायक के पद पर भेजा गया है। आईपीएस राहुल भाटी को यूपीएसएसएफ लखनऊ में सेनानायक के पद पर तैनात किया गया है।

आईपीएस अनिल कुमार यादव को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अभिषेक भारती को पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस संदीप कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, रेलवे गोरखपुर बनाया गया है। आईपीएस संतोष कुमार मीना को 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में सेनानायक के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस लखन सिंह यादव को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। आईपीएस ओम प्रकाश यादव को पीटीसी कानपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस दयाराम को सीबीसीआईडी लखनऊ का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलटी

उन्नाव, संवाददाता। उन्नाव जिले में बहरौली जहानपुर गांव के पास बुधवार दोपहर स्थापित श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन के लिए जा रही भक्तों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में महिला व बच्ची की मौत हो गई जबकि चार से अधिक लोग जख्मी हो गए। प्रशासन के पहुंचने के पहले ही घायलों को परिजनों ने प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घटनास्थल पर एएसपी, सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने पहुंच कर जांच की। औरास थाना क्षेत्र में बरादेव गांव के रहने वाले रज्जन साहू ने गणेश महोत्सव को लेकर गणेश मूर्ति की स्थापना कराई थी। बुधवार दोपहर मूर्ति विसर्जन करने के लिए गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर करीब 24 से अधिक लोगों के साथ रसूलपुर बकिया सई नदी घाट जा रहे थे। अभी बहरौली जहानपुर गांव के पास ही पहुंचे थे, तभी अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर के पलटने से सवार विमला (55) पत्नी राधेश्याम गुप्ता व मधु (8) पुत्री आतिश शाहू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ललिता पुत्री अनिल, लक्ष्मी पुत्री पप्पू, शिवानी पुत्री रामजीवन समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बीडीए की 80 करोड़ की आवासीय योजना को मिली हरी झंडी

बांदा, संवाददाता। विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंगलवार को कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई और हरी झंडी दी गई। इनमें महोखर व मवई बुजुर्ग में प्रस्तावित 80 करोड़ लागत वाली आवासीय योजना विकसित करने को भी अध्यक्ष ने स्वीकृति दी। साइंस पार्क और पंडित दीनदयाल पुरम आवासीय योजना को लेकर भी प्रस्ताव पास किए गए। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम मवई बुजुर्ग व महोखर में प्रस्तावित लगभग 35 हेक्टेअर की आवासीय योजना को लेकर चर्चा हुई। इस पर करीब 80 करोड़ की लागत निर्धारित है। बीडीए इसे जल्द विकसित करेगा। बोर्ड ने इसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी।

बताया कि विकास प्राधिकरण को शासन से सीड कैपिटल उपलब्ध कराया जाएगा। भूमि अधिग्रहण की लागत में आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत राज्य सरकार से सीड कैपिटल के रूप में 20 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। शेष धनराशि विकास प्राधिकरण वहन करेगी। पंडित दीनदयाल पुरम आवासीय योजना में काशीराम जी स्मृति उपवन में 19 एकड़ भूमि में से सात एकड़ में साइंस पार्क विकसित किया जाएगा।

तुलसी नगर आवासीय योजना में प्राधिकरण से निर्मित टाइप–1 के भवनों को नीलामी के जरिए विक्रय किया जाएगा। पं. दीनदयाल पुरम आवासीय योजना में विद्युतीकरण कार्य के लिए विद्युत विभाग की ओर से 10 करोड़ की लागत से सब स्टेशन एवं ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। पूर्व में हटाई गई कालूकुआं पुलिस चौकी का निर्माण अवस्थापना निधि से प्राधिकरण कराएगा। बैठक में डीएम नगेंद्र प्रताप, एडीएम राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, प्रभारी एक्सईएन आरपी यादव, विवेकानंद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अपार्टमेंट में दरोगा का हंगामा

आगरा, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आगरा में सिकंदरा स्थित एक अपार्टमेंट में सोमवार रात को एक दरोगा ने हंगामा किया। आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर के फ्लैट के दरवाजे पर लात मारीं। इंजीनियर के विरोध पर हाथापाई की। पिस्टल निकाल ली। बाद में तलवार ले आया। इंजीनियर ने भागकर खुद को बचाया। उन्होंने थाना सिकंदरा में तहरीर दी है। निखिल मैजेस्टिक अपार्टमेंट निवासी सत्यपाल सिंह ने बताया कि वह जूनियर इंजीनियर हैं। दूसरी मंजिल पर रहते हैं। पहली मंजिल पर एक दरोगा रहते हैं। आरोप लगाया कि फ्लैटों में सीलन रहती है। इस कारण दरोगा उनसे विवाद करते हैं। रात तकरीबन 1 बजे वह नशे की हालत में दरवाजे को खटखटाने लगे। वह घबरा गए। कुछ देर गेट नहीं खोला। इस पर



जोर–जोर से लात मारी। उनके गेट खोलने पर अंदर घुस आए। हाथापाई की। पत्नी बचाने आईं तो उनसे भी अभद्रता की। बाद में अपने घर से पिस्टल निकालकर ले आए। फिर तलवार ले आए। जान से मारने की कोशिश करने लगे। वह अपार्टमेंट से भूतल पर भागे। उन्होंने चौकी पर आकर पुलिस को जानकारी दी। थाना सिकंदरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है। जांच की जा रही है। आरोपी दरोगा को बुलाया गया है। वह गोपनीय विभाग में तैनात है।

## संक्षिप्त खबरें

# आंधी–बारिश से ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त

लखनऊ, संवाददाता। आलमनगर–शाहजहांपुर रेलखंड में उमरताली–दलेलनगर के बीच बारिश और आंधी के चलते बुधवार तड़के तीन बजे रेलवे की ओएचई (ओवर हेड इलेक्ट्रिक) लाइन क्षतिग्रस्त होने से ट्रेनों का संचालन गड़बड़ा गया। कुछ स्थानों पर पोल क्षतिग्रस्त होने से अप–डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। कई ट्रेनों को रास्ते में रोकना पड़ा। बरेली से होकर गुजरने वाली वंदे भारत और राजधानी एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनों का रूट बदलना पड़ा। शाहजहांपुर–लखनऊ के बीच चार घंटे बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हो सका। इस दौरान चार ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट व शॉर्ट ओरिजनेट किया गया। 10 ट्रेनों ने यात्रियों को आठ घंटे तक इंतजार भी कराया। इस दौरान कई ट्रेनों को रोजा तक लाने के लिए डीजल इंजन का इस्तेमाल करना पड़ा। सूचना मिलते ही उन्नाव और बालामऊ के लिए लोको पायलटों की टीमों को रवाना कर दिया गया। रास्ते में रोकी गई ट्रेनों को रोजा तक डीजल इंजन से लाने के बाद आगे इलेक्ट्रिक इंजन से रवाना किया गया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि उमरताली–दलेलनगर के बीच बारिश और आंधी से ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण समस्या आई। इससे कुछ ट्रेनें प्रभावित हुईं। लाइन को ठीक कर लिया गया है।

# छज्जा गिरने से किशोर की मौत

बाराबंकी, संवाददाता। विद्युत उपकेंद्र रामनगर में निर्मित हो रहे मीटर हाऊस का छज्जा गिरने से गंभीर रूप से घायल होकर 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। रामनगर विद्युत उपकेंद्र में विद्युत मीटर हाऊस का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में मसौली थाना क्षेत्र के अमदहा गांव के श्रमिक काम कर रहे थे। मंगलवार की सुबह निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे इस्लाम अमदहा निवासी संजय गौतम के 16 वर्षीय पुत्र सूरज को लेकर गए थे। सूरज नई बनी हुई दीवार पर बैठा था कि अचानक छज्जा ढह गया। घटना के बाद इस्लाम तुरंत घायल सूरज को लेकर रामनगर के निजी अस्पताल ले गए। जहां से सीएचसी बड़ागांव लाया गया, लेकिन शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसएचओ मसौली यशकांत सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बदहवास हुए परिजन

अमदहा निवासी संजय गौतम के तीन पुत्रों में से सूरज सबसे बड़ा था। इसके अलावा 14 वर्षीय सत्यम व 12 वर्षीय शिवा हैं। घर के सबसे बड़े पुत्र की मौत से पुत्र संजय गौतम व माता कामनी का रो–रो कर बुरा हाल है।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाया फंदा

औरैया, संवाददाता। औरैया जिले में सदर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले गांव सुरान में बुधवार दोपहर लगभग एक बजे एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। घर पहुंचे परिजनों ने शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि किसी बात को लेकर लेकर पत्नी से कहासुनी होने पर युवक ने घटना को अंजाम दिया। गांव सुरान निवासी ऑटो चालक अतुल कुशवाहा (28) पुत्र मनीराम के परिजन बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे घर पर नहीं थे। तभी अतुल ने घर के आंगन में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जब पत्नी दीपिका घर लौटी तो अतुल को फंदे पर लटका पाया। चीखते हुए घर से बाहर निकली दीपिका ने ग्रामीणों को जानकारी दी। इधर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची एसआई आनंदी ने ग्रामीणों व दीपिका से पूछताछ की। दीपिका ने पुलिस को बताया कि अतुल आए दिन शराब पीता है। जिसका विरोध करने पर झगड़ा करता था। बुधवार सुबह से वह शराब के नशे में था। झगड़ा होने पर उसने मायके जाने की बात कहकर गुस्से में वह घर से निकल गई थी। कुछ देर बाद जब घर लौटी तो अतुल का शव फंदे पर लटका था। एसआई आनंदी ने बताया कि शव का पंचनामा भरा जा रहा है। परिजन शव का पोस्टमार्टम न कराने की मांग कर रहे हैं।

# बहू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर, संवाददाता। कानपुर के चकेरी में एक बहू ने अपने ससुर पर चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी निवासी महिला के अनुसार 18 अप्रैल को ससुर उनके लिए चाय बनाकर लाए। चाय पीते ही वह बेहोश हो गईं। इसके बाद ससुर ने दुष्कर्म किया। होश में आने पर कहा कि तुम्हारा वीडियो बना लिया है। शिकायत करने पर वायरल कर दूंगा। उन्होंने सारी बात अपने पति को बताई। उन लोगों ने घर से निकाल दिया। चौकी में शिकायत न होने पर शिकायत पुलिस आयुक्त से की। चकेरी पुलिस ने आदेश पर ससुर, पति, सास, ननद के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गलत दिशा में वाहन चलाने वालों का निरस्त होगा लाइसेंस

कानपुर, संवाददाता। कानपुर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने गलत दिशा में वाहन चलाने वालों का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा–281 के तहत मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। इसी तरह नाबालिगों के वाहन चलाने पर भी सख्ती के आदेश जारी किए हैं।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002

RNI NO - UPHIN/2022/86937

Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार-पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।